Source:- पंजाब केसरी

Date:- 12 अक्तूबर 2018

Page No.:- 10

करोड़ों के सोना-चांदी के साथ तीन गिरफ्तार

कोलकाता, (भाषा): राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करोड़ों रुपये मूल्य की सोना-चांदी जब्त की है जिसके बारे में माना जाता है कि यह तस्करी के जरिए नेपाल से लायी गयी है। बृहस्पतिवार को जारी किये गये एक सरकारी बयान के अनुसार एक गुप्त सूचना के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने हावड़ा में दो मकानों की तलाशी की और वहां से 2.87 करोड़ रुपये मूल्य का 9.091 किलोग्राम सोना और 4.2 लाख रुपये मूल्य की 14 किलोग्राम चांदी जब्त की । आगे की जांच के आधार पर अधिकारियों ने एक दुकान की भी तलाशी की और उन्होंने वहां से 1.14 लाख रुपये मूल्य की 3.8 किलोग्राम चांदी और 1.45 लाख रुपये मूल्य का करीब 46 ग्राम सोना तथा 1.12 करोड़ रुपये नकद बरामद किये। यह सोना और चांदी विदेश की हैं। डीआरआई ने बयान में बताया कि मंगलवार और बुधवार को इन तलाशियों के दौरान तीन व्यक्ति गिरफ्तार किये गये। ये तीनों इतनी सोना-चांदी के आयात और उसे रखने तथा इतने अधिक नकद के बारे में कोई वैध दस्तावेज या सफाई नहीं दे सके। इसी के साथ डीआरआई ने इस वित्त वर्ष में पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में करीब 88.39 करोड़ रुपये का 290 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। यह सोना तस्करी के माध्यम से बांग्लादेश, म्यामां, भूटान, नेपाल और चीन से लाया गया था।

Scanned by CamScanner